DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 मार्च, 2026 DATED-

# नरेला इलाके में 'टीकरी खुर्द झील' बनेगी दिल्ली का पहला 'मिडो पार्क'

संजीव गुप्ता • जागरण

- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने तैयार किया 40 एकड़ क्षेत्र का मास्टर प्लान
- 'बांसेरा' और 'असिता' की तर्ज पर होगा 40 एकड़ के क्षेत्र का सुंदरीकरण और बहाली

नई दिल्लीः लंबे समय से अतिक्रमण, गंदगी और उपेक्षा का शिकार उत्तर दिल्ली के नरेला की टीकरी खुर्द झील अब एक नए स्वरूप में जीवंत होने जा रही है। डीडीए इस मृतप्राय झील का कायाकल्प कर इसे राजधानी के पहले 'मिडो पार्क' (घास के मैदान वाला पार्क) के रूप में विकसित करने की तैयारी कर चुका है।

यह निर्णय एलजी वीके सक्सेना के हालिया दौरे के बाद लिया गया है। लगभग 29 हेक्टेयर में फैली यह परियोजना नरेला उपनगरी के सेक्टर 8-1 और 8-3 के बीच स्थित है। लगभग 10 एकड़ भूमि पर खुला घास का मैदान (मिडो) विकसित किया जाएगा, जबकि 20 एकड़ क्षेत्र में सघन वन और वाक-वे बनाए जाएंगे। झील के किनारे एक हल्का और टिकाऊ रेस्टोरेंट बनाया जाएगा। शांतिपूर्ण छोर पर दो से तीन इको-काटेज और एक छोटा मीटिंग सेंटर प्रस्तावित है, जहां पर्यावरण शिक्षा और रिट्रीट गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। झील में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे।



नरेला स्थित टिकरी खुर्द झील के पास इसे पुनर्विकसित करने का डीडीए की योजना समझते एलजी वीके सक्सेना • सौजन्यः राजनिवास

टीकरी खुर्द झील का यह पुनरुद्धार न केवल नरेला के स्थानीय पर्यावरण को सुधारेगा, बल्कि भूजल पुनर्भरण में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। डीडीए का लक्ष्य इसे एक ऐसे 'लिविंग लैंडस्केप' में बदलना है जहां प्रकृति और आधुनिक जनजीवन का सामंजस्य हो।

**-वीके सक्सेना,** एलजी एवं डीडीए अध्यक्ष

## लैंड पूलिंग व जीडीए पालिसी लागू करने के कार्य में आएगी तेजी

जासं, दक्षिणी दिल्ली : दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बृहस्पतिवार को डीडीए उपाध्यक्ष डा. एन सरवन व क्षेत्रीय विधायकों संग बैठक की। बताया दिल्ली का नया मास्टर प्लान-2041 जल्द ही नोटिफाई किया जाएगा, जिसके आने से कई समस्याओं का हल निकल सकेगा। डीडीए वीसी ने भरोसा दिया कि लैंड पूलिंग और जीडीए पालिसी लागू करने के कार्य में भी तेजी लाई जाएगी। बिधूड़ी ने बताया कि ग्राम सभा की जमीनों का उपयोग क्षेत्रवासियों को नागरिक सुविधाएं देने के लिए किया जाएगा। बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में नहर पार क्षेत्र के हरीनगर वार्ड, मीठापुर वार्ड और जैतपुर वार्ड को 'ओ' जोन से हटाया जाएगा। तेहखंड गांव की उन दो कालोनियों में भी मालिकाना अधिकार देने और रजिस्ट्री करने का काम शुरू किया जाएगा, जिन्हें पहले जमींदोज करने के आदेश दिए गए थे। इससे यहां के लोगों को बड़ी राहत मिली है। इन गांवों में रजिस्ट्री के लिए डीडीए की ओर से कैंप लगाया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 6 मार्च 2026 ED-----------------------

# नरेला में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सब सिटी द्वारका में DDA ने मल्टी स्पोर्ट्स इंटिग्रेटेड स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को इसके लिए रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल जारी किया जाएगा। नरेला के G-3 और G-4 सेक्टर में 75 एकड़ जगह में यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनेगा। स्टेडियम की साइट पर इच्छुक लोग साइट विजिट भी कर सकते हैं। इसके लिए DDA ने 6 मार्च से 20 अप्रैल तक का समय रखा है। वहीं इसकी प्री बिड मीटिंग 23 मार्च को होगी। स्टेडियम की जगह एजेंसी को सालाना लाइसेंस फी के आधार पर दी जाएगी।

इच्छुक आवेदक यदि इस प्रोजेक्ट से संबंधित कुछ सवाल पूछना चाहते हैं तो वह इसके लिए अपने सवाल DDA को 24 मार्च तक भेज सकते हैं।

## टिकरी खुर्द झील में दिखेगा पहाड़ों के मीडो पार्क का नज़ारा

# नरेला में बनेगा घास के मैदान, झील वाला पार्क




**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

अब दिल्ली में भी पहाड़ों वाले मीडो पार्क (घास के मैदान) का मजा लोगों को मिलेगा। राजधानी का पहला मीडो (Meadow) पार्क नरेला की टिकरी खुर्द झील में डिवेलप किया जा रहा है। इस झील को पुनर्जीवित कर यहां घास के मैदान बनाने का काम डीडीए कर रहा है।

**झील के आसपास 20 एकड़ में बड़ा वॉकवे तैयार होगा**

एलजी व डीडीए के चेयरमैन वी के सक्सेना ने 17 फरवरी को झील का निरीक्षण किया था। इसी दौरान इस झील के पुनर्विकास की योजना तैयार करने के निर्देश डीडीए को दिए थे। इससे पहले डीडीए यमुना किनारे बांसेरा और असिता को भी डिवेलप कर चुका है। टिकरी खुर्द झील पर अभी सिर्फ अतिक्रमण की समस्या नहीं है। बल्कि यहां आसपास के रिहायशी क्षेत्रों से अनट्रीटेड सीवर भी झील में आ रहा है। अधिकारी के अनुसार, प्रारंभिक निर्देश में एलजी ने झील के आसपास के पूरे 40 एकड़ क्षेत्र को डिवेलप करने के लिए कहा है। इसके लिए यहां से अतिक्रमण और जलकुंभी हटाई जाएगी।

झील के आसपास दस एकड़ एरिया में हरा-भरा घास का मैदान बनेगा। इसके साथ ही 10 हजार बांस के पेड़ भी लगेंगे। झील के आसपास 20 एकड़ पार्क में एक बड़ा वॉकवे तैयार होगा। यह 2.5 मीटर चौड़ा होगा। साइकल ट्रैक भी होगा।

### कैसा होगा मीडो पार्क?

यह खूबसूरत घास का मैदान, चारों तरफ घने पेड़ों से घिरा होगा। जमीन की टोपोग्राफी को ध्यान में रखते हुए इसे लैंडस्केप और टीले आदि के साथ डिजाइन किया गया है। इसी वजह से यह वॉटर बेसिन का भी काम करेगा। पूरा एरिया इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि प्राकृतिक सतह पर पानी, बारिश का पानी आदि झील में जाएं। यहां बैठने के लिए पेड़ों की छाया के नीचे जगह भी बनाई जा रही है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
FRIDAY, MARCH 6, 2026 ---DATED---

# Dying Narela lake to get Delhi's first meadow park after revamp

Vibha.Sharma
@timesofindia.com

**New Delhi:** The highly encroached and dying Tikri Khurd Lake at Narela will be rejuvenated, restored and developed as the city's first meadow park by Delhi Development Authority (DDA).

The decision was taken after lieutenant governor VK Saxena visited the site in north Delhi on Feb 17 and expressed concern over the deteriorating waterbody that once sustained a vibrant ecosystem. Officials have been asked to prepare a restoration plan at the earliest, on the lines of the previously developed Baansera and Asita parks over degraded landscapes.

Officials said the waterbody, previously an oxbow lake on the Yamuna floodplain, was also receiving untreated sewage from neighbouring residential localities, giving an unpleasant look to the area.

The preliminary plan is to revive the 40-acre lake by removing encroachments and water hyacinth, and developing an open grassy patch across 10 acres of surrounding land. This will be followed by the creation of a heavily wooded area with around 10,000 trees, including bamboo.

A walkway will be developed covering 20 acres surrounding the lake. The 2.5-metre-wide pathway will serve as both a walking and cycling track. "The work on cleaning the approach roads has already started and tenders for construction of a boundary wall around the complex have been issued," DDA stated.

The lake and its surrounding landscape, spread over around 72 acres, fall within sectors 8-1 to 8-3 of Narela sub-city. Officials said that while the revival would be the priority, attracting visitors would also be important, given the strategic location. "The project plan focuses on ecological restoration, landscape regeneration and creation of nature-based public spaces while strengthening the hydrological and environmental performance of the site," said an official.

The meadow park will feature expansive native grasslands and dense peripheral plantations that will act as ecological buffers. The design will ensure that rainwater gradually flows towards the central depression, which will be restored and strengthened as the primary water retention basin. Existing site contours will be utilised and enhanced to facilitate natural surface runoff throughout the year.

For public spaces, shaded seating areas will be developed beneath native tree canopies. An eco-sensitive restaurant structure, designed using sustainable and lightweight materials, is proposed at a vantage point overlooking the lake. The structure will be visually connected to a stepped access leading towards the waterbody, creating a strong visual and spatial interface between land and water.

Excavated earth generated during the deepening and restoration will be reused on-site to create landscaped mounds and berms, which will help screen undesirable views from adjoining developments and also function as visual buffers and wind barriers.

To enhance visitors' engagement with the natural environment, elevated *machaans*, or nature-viewing decks, are proposed at selected locations for observing the restored lake ecosystem, bird activities and surrounding meadow habitat without disturbing sensitive ecological zones.

A small meeting or conference facility, along with two-three eco-cottages, is also proposed along the quieter edge of the lake. These will be designed as low-impact structures overlooking the waterbody and can be used for nature retreats, small gatherings and environmental education activities.

Decentralised sewage treatment plants will also be built to treat wastewater from surrounding areas and ensure that the lake retains water throughout the year. A plant nursery will be developed within the landscape to support plantation needs and promote native species.

## WOODED ZONE, WALKWAY, NURSERY AND MORE LIKELY

**WHERE** Between sectors 8-1 and 8-3 of Narela Sub-City. The site is near Tikri Khurd Lake

### WHAT'S PLANNED

- Encroachments and water hyacinth to be removed from **40 acres** of the lake
- Around **10 acres** of surrounding land will be developed as an open grassy green patch
- A heavily wooded zone will be created with about **10,000 trees**, including bamboo
- A walkway across nearly **20 acres** around the lake
- The **2.5-metre**-wide pathway will function as both a walking and cycling track
- Shaded seating areas will be created for public recreation
- Elevated machaans or nature-viewing decks at selected locations
- Vantage points for observing the restored lake ecosystem and bird activity
- A small meeting or conference facility to be set up
- An eco-sensitive restaurant structure planned too
- A dedicated plant nursery will be developed to support plantation requirements






**Tenders for construction of a boundary wall around the complex have been floated**

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, शुक्रवार 6 मार्च, 2026

## नया मास्टर प्लान जल्द नोटिफाई होगाः डीडीए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. एन सरवन कुमार ने आशा व्यक्त की है कि दिल्ली का नया मास्टर प्लान जल्दी ही नोटिफाई किया जाएगा। उन्होंने यह बात दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और क्षेत्र के विधायकों के साथ एक बैठक में बताई। बिधूड़ी तथा भाजपा विधायक एवं डीडीए सदस्य करतार सिंह तंवर, गजेंद्र यादव तथा कुलदीप सोलंकी ने गुरुवार को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ बैठक की। बैठक के बाद बिधूड़ी ने बताया कि मास्टर प्लान-2041 का सभी इंतजार कर रहे हैं और मास्टर प्लान आने से कई समस्याओं का हल निकलेगा।

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI ---- 6 मार्च, 2026 ▸ शुक्रवार

## लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी लागू करने के कार्य में अब आएगी तेजी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): डीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. एन. सरवन कुमार ने आशा व्यक्त की है कि दिल्ली का नया मास्टर प्लान जल्द ही नोटिफाई किया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और क्षेत्र के विधायकों के साथ एक बैठक में कही। सांसद बिधूड़ी और भाजपा विधायक एवं डीडीए के सदस्य करतार सिंह तंवर, गजेंद्र यादव और कुलदीप सोलंकी ने गुरुवार को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ बैठक की। बैठक के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि मास्टर प्लान-2041 का सभी इंतजार कर रहे हैं और मास्टर प्लान आने से कई समस्याओं का हल निकलेगा। बैठक में डीडीए वीसी ने आश्वासन दिया कि लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी लागू करने के कार्य में भी तेजी लाएगी। बैठक में डीडीए वीसी ने अधिकारियों को दिए आदेश दिए हैं कि दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सभी डीडीए पार्कों को विकसित किया जाए और कम्युनिटी सेंटर्स को अपग्रेड किया जाए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि ग्राम सभा की जमीन का क्षेत्रवासियों को नागरिक सुविधाएं देने के लिए ही उपयोग किया जाएगा।



डीडीए वीसी से की सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायकों ने मुलाकात

अमर उजाला
नई दिल्ली | शुक्रवार | 6 मार्च 2026

## डीडीए वीसी से मिले सांसद बिधूड़ी, मास्टर प्लान-2041 जल्द आने की उम्मीद

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर क्षेत्र से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधायकों के साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. एन. सरवन कुमार से मुलाकात की। इस दौरान नए मास्टर प्लान, लैंड पूलिंग पॉलिसी, पार्कों के विकास और कई कॉलोनियों को राहत देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

बिधूड़ी ने बताया कि दिल्ली का नया मास्टर प्लान-2041 जल्द नोटिफाई होने की संभावना है। राजधानी में लंबे समय से मास्टर प्लान का इंतजार किया जा रहा है और इसके लागू होने से भूमि उपयोग, आवास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान निकल सकेगा। बैठक में भाजपा विधायक एवं डीडीए सदस्य करतार सिंह तंवर, विधायक गजेंद्र यादव और कुलदीप सोलंकी भी मौजूद थे।

बिधूड़ी के अनुसार, डीडीए उपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि मास्टर प्लान के साथ-साथ लैंड पूलिंग और जीडीए पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाएगी। बैठक में डीडीए के पार्कों और सामुदायिक सुविधाओं के विकास पर भी चर्चा हुई। संवाद

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----

ATED----------

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, शनिवार, 07 मार्च 2026

## आवासीय योजना का तीसरा चरण शुरू

नई दिल्ली। डीडीए ने जन साधारण आवास योजना के तीसरे चरण को शुरू कर दिया है। इस आवासीय योजना के तहत नरेला के सेक्टर जी7 और जी8 में ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को बुक करा सकेंगे। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि जन साधारण आवासीय योजना के तीसरे चरण को लॉन्च कर दिया है। इसमें फ्लैट खरीदार नरेला के इन दोनों सेक्टरों में फ्लैट ले सकते हैं।

## डीडीए आरंभ पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण करें

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के आरंभ पुस्तकालय में छात्र पंजीकरण कर सकते हैं। इसमें छात्रों को पुस्तकालय में शिफ्ट के अनुसार किताबों को पढ़ने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए अवसर मिलेगा। डीडीए वेबसाइट dda.gov.in में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, MARCH 7, 2026 -----DATED-----------------------

# Experts to help DDA revamp and restore green spaces across city

Vibha.Sharma@timesofindia.com

**New Delhi:** In a transformative shift, Delhi Development Authority (DDA) has decided to engage expert landscape architects to plan the revamp and restoration of its green areas across the city.

"DDA issued a request for empanelment of architects and invited applications from qualified architecture and landscape architecture firms for landscape planning and design works," the authority stated. "SThe initiative, led by the landscape and environment planning department, aims to incorporate diverse design ideas, technical expertise and innovative approaches in the development, redevelopment and restoration of green spaces, especially upcoming green development projects."

The empanelled firms will design and plan, among others, urban landscapes such as parks, plazas and public open spaces, as well as streetscape improvements, including medians and footpaths.

Experts will be tasked with designing floodplain projects, wetland parks, biodiversity parks and green corridors along sustainable stormwater drains and waterbodies. They may also be engaged in projects related to heritage landscapes, parks associated with monuments, inclusive and theme parks, as well as water-sensitive urban design and stormwater management systems.

The firms will carry out site analysis, conceptual design, master planning, horticultural planning and preparation of construction documents. They will also provide implementation support.

"Since we are not developing green areas in a conventional manner, interested architecture and landscape architecture firms will need to have enough experience and meet the technical eligibility criteria," the authority said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-----

ED-----------------------

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, रविवार, 8 मार्च 2026

## पीएम उदय सिंगल विंडो कैंप का हो रहा आयोजन

रविवार को विभिन्न स्थानों पर पीएम-उदय सिंगल विंडो कैंप लगेगा। यहां लोगों को पंजीकरण, दस्तावेज तैयार करने, सर्वेक्षण से जुड़ी सहायता मिलेगी। डीडीए की वेबसाइट dda.gov.in/ pm _uday /camp_schedule पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 9 मार्च 2026 DATED—

# नरेला में बनेगा दिल्ली का सबसे बड़ा स्टेडियम

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

डीडीए ने नरेला के सेक्टर-G3 और G4 में एक 'मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम' के निर्माण की योजना बनाई है। 75 एकड़ जमीन पर बनने वाले इस भव्य प्रोजेक्ट के लिए डीडीए ने रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल (RFP) जारी कर दिया है। यह स्टेडियम न केवल दिल्ली के मौजूदा अरुण जेटली स्टेडियम (55 हजार क्षमता) से बड़ा होगा, बल्कि 80 हजार दर्शकों की क्षमता के साथ अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए एक नया और आधुनिक विकल्प पेश करेगा।

इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सबसे बड़ी खासियत यहां क्रिकेट के साथ-साथ कई इंडोर खेलों की विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। ओलिंपिक मानकों के अनुरूप एक स्विमिंग पूल तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस जैसे खेलों के लिए आधुनिक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। खिलाड़ियों और विजिटर्स की सुविधा के लिए यहां एक क्लब हाउस होगा, जिसमें ठहरने के लिए लगभग 75 एग्जिक्यूटिव कमरे विकसित किए जाएंगे।

AI Image



**75 एकड़ में DDA बनाएगा मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम, क्रिकेट स्टेडियम में 80 हजार दर्शक आएंगे**

कुल एफएआर (FAR) का 65 प्रतिशत हिस्सा कमर्शल गतिविधियों के लिए आरक्षित है, जिसके तहत यहां रिटेल आउटलेट्स, आलीशान होटल, हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज और कमर्शल ऑफिस स्पेस विकसित किए जा सकेंगे। पार्किंग की व्यवस्था को भी काफी व्यापक रखा गया है, जहां हर 100 वर्ग मीटर के निर्माण पर दो कारों की जगह सुनिश्चित की जाएगी। निर्माण पूरा करने के लिए 36 महीनों की डेडलाइन तय की गई है। यह जमीन 55 वर्षों के लिए लाइसेंस के आधार पर दी जाएगी। आवेदकों के लिए बिड प्रोसेसिंग फीस 20 लाख रुपये और बिड सिक्योरिटी 28 करोड़ रुपये रखी गई है। 19.41 करोड़ रुपये की अपफ्रंट फीस और 36.12 लाख रुपये की सालाना रिजर्व प्राइस निर्धारित की गई है। प्री-बिड मीटिंग 23 मार्च को आयोजित की जाएगी। आवेदक 20 अप्रैल से साइट का निरीक्षण कर सकेंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े सवालों को सबमिट करने की अंतिम तिथि 24 मार्च है, जिनका जवाब डीडीए 31 मार्च तक देगा। इसके बाद 21 अप्रैल को टेक्निकल बिड और 11 मई को फाइनैंशल बिड होगी। अंततः 12 मई को ई-ऑक्शन आयोजित किया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- अमर उजाला नई दिल्ली । शनिवार । 7 मार्च 2026 ---DATED---

# डीडीए की नागरिक आवास योजना में 25 फीसदी छूट पर घर खरीदने का मौका

अमर उजाला ब्यूरो

**नरेला और सिरसपुर में एलआईजी, एमआईजी व ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के करीब 800 फ्लैट बिक्री उपलब्ध**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 'डीडीए नागरिक आवास योजना 2026' के तहत दिल्ली में फ्लैट्स पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी है। नरेला और सिरसपुर इलाके में लगभग 800 फ्लैट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

डीडीए के अनुसार नरेला में एचआईजी, एमआईजी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट उपलब्ध हैं, जबकि सिरसपुर में एलआईजी श्रेणी के फ्लैटों की बिक्री की जा रही है। योजना के तहत 25 प्रतिशत छूट के बाद फ्लैटों की शुरुआती कीमतें अलग-अलग श्रेणियों में तय की गई हैं।

नरेला में एचआईजी फ्लैट की शुरुआती कीमत लगभग 95.88 लाख रुपये, एमआईजी फ्लैट की कीमत करीब 66.28 लाख रुपये और ईडब्ल्यूएस फ्लैट की कीमत लगभग 9.60 लाख रुपये रखी गई है। वहीं सिरसपुर में एलआईजी फ्लैट की शुरुआती कीमत लगभग 11.51 लाख रुपये है।

डीडीए का कहना है कि योजना के तहत सभी फ्लैट फ्रीहोल्ड संपत्ति के रूप में उपलब्ध होंगे और यह रेडी-टू-मूव-इन है। यानी खरीदारों को फ्लैट मिलने के बाद तुरंत उसमें रहने की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही इच्छुक लोगों के लिए सैंपल फ्लैट भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें देखकर खरीदार निर्णय ले सकते हैं। फ्लैट की बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर की जा रही है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- millenniumpost
NEW DELHI | SUNDAY, 8 MARCH, 2026 D----------

# DDA to manage flats from April 1

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) will take charge of day-to-day maintenance of its residential flats from April 1, aiming to streamline upkeep and improve living conditions across its housing complexes.

Under the new arrangement, DDA will handle routine services such as cleaning common areas, lift maintenance, security, lighting, and minor repairs.

Residents' will pay quarterly service charges,, calculated per square metre, to cover these expenses.

The authority will maintain flats until around 80% occupancy is achieved or a Residents' Welfare Association (RWA) is formed, whichever comes first. MPOST

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 10 मार्च 2026
TED---

# 2021 से पहले बने फ्लैट्स की मेंटिनेंस अब खुद करेगा DDA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

फ्लैटों की बिक्री बढ़ाने के मकसद से दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) ने बड़ा फैसला लिया है। अब DDA 2021 से पहले बने फ्लैट्स समेत कई रिहायशी परिसरों के मेंटिनेंस की जिम्मेदारी खुद संभालेगा। इसमें फ्लैट्स के ओपन एरिया और कॉमन एरिया के साथ बिजली, पानी और सीवरेज जैसी सुविधाओं का रखरखाव भी शामिल होगा। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) तैयार किया गया है। यह 1 अप्रैल से लागू होगा।

नई सिस्टम के तहत DDA फ्लैट मालिकों से हर 3 महीने में मेंटिनेंस फीस लेगा। इस फीस में सुरक्षा व्यवस्था, कॉमन एरिया की मेंटिनेंस, छतों और पानी की टंकियों की सफाई, बेसमेंट की देखभाल, इलेक्ट्रिक डिवाइसों और लिफ्ट की मेंटिनेंस शामिल होगी। इसके अलावा सीढ़ियां, लिफ्ट लॉबी और बरामदों जैसे कॉमन एरिया की छोटी-मोटी मरम्मत भी इसी व्यवस्था में कवर होगी। बागवानी के लिए एसटीपी से पानी की लाइनों का रखरखाव भी इसमें शामिल है।

DDA इन परिसरों की मेंटिनेंस तब तक करेगा जब तक किसी आवासीय ब्लॉक में 80 फीसदी फ्लैटों में लोग रहने नहीं लगते या वहां संबंधित आरडब्ल्यूए का गठन नहीं हो जाता। इन दोनों में से जो भी पहले होगा, उसी के आधार पर आगे की व्यवस्था तय की जाएगी। खाली पड़े फ्लैट्स की मेंटिनेंस फीस DDA अपने नियमों के अनुसार खुद वहन करेगा।

File Photo



■ फ्लैट मालिकों से हर तीन महीने में ली जाएगी मेंटिनेंस फीस

■ इसमें सुरक्षा, सफाई, लिफ्ट, बिजली-पानी का रखरखाव शामिल

यह प्रावधान 2010 से 2021 के बीच शुरू की गई रिहायशी योजनाओं पर लागू होगा। वहीं 2023 और उसके बाद शुरू हुई योजनाओं के तहत आवंटित फ्लैटों के लिए पहले साल का मेंटिनेंस शुल्क पहले ही कैपिटल मेंटिनेंस कॉस्ट के रूप में लिया जा चुका है। सर्विस चार्ज का बिल हर 3 महीने में जारी किया जाएगा। भुगतान के लिए 10 दिन की छूट दी जाएगी। छूट अवधि के बाद पेमेंट करने पर बिल की तारीख से 12 फीसदी सालाना की दर से ब्याज लिया जाएगा।

आगे सर्विस चार्ज की दरें पिछले साल के खर्च, बकाया और सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स की ओर से नोटिफाई कॉस्ट इंफ्लेशन इंडेक्स के आधार पर तय होंगी।

## क्यों पड़ी जरूरत?

DDA को 2010 से 2021 के बीच बने फ्लैट्स में रहने वाले लोगों और RWA से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई जगहों पर पॉकेट के लोगों की ओर से अतिक्रमण करने और बिल्डिंग के स्ट्रक्चर में छेड़छाड़ करने के मामले भी सामने आए हैं। इससे 15 से 20 साल के भीतर ही कई फ्लैट्स और पॉकेट्स की हालत जर्जर होने लगी। इसे लेकर विवाद भी बढ़ता जा रहा था। इन शिकायतों को देखते हुए ही DDA ने नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत लोगों को हर 3 महीने में मेंटिनेंस चार्ज का बिल मिलेगा। इसका यूज DDA रोज की मेंटिनेंस के कामों में करेगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 10 मार्च, 2026

NAME OF NEWSPAPERS

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 मार्च 2026

DATED

## डीडीए के 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का ड्रा इसी सप्ताह

राब्यू, जागरण • नई दिल्ली: डीडीए जनता आवास योजना के तहत कुल 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का ड्रा इसी सप्ताह निकालेगा। डीडीए की इस किफायती आवास योजना के लिए सैकड़ों खरीदारों ने आवेदन किए हैं। डीडीए की ओर से इन फ्लैटों का आवंटन 13 मार्च से कंप्यूटर आधारित ड्रा के जरिये किया जाएगा। योजना के तहत द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास 82 और चांदन होला गांव में 62 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों स्थानों पर यह फ्लैट निजी बिल्डरों ने बनाए हैं। द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बने फ्लैटों का साइज 29.246 से 30.688 वर्ग मीटर है। इन फ्लैटों की कीमत 12.63 से 13.24 लाख रुपये तक हैं। छतरपुर मेन रोड पर बने फ्लैटों का साइज 45.575 से 48.249 वर्ग मीटर तक है। यह फ्लैट 23.05 से 24.37 लाख रुपये तक के हैं।

## डीडीए फ्लैटों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अपने आवासीय परिसरों में फ्लैटों की रोजमर्रा की देखभाल और रखरखाव का कार्य खुद करेगा। प्राधिकरण इस आगामी महीने में एक अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि इसका उद्देश्य है कि फ्लैटों में साफ़-सफाई, सुरक्षा और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। इससे डीडीए द्वारा बीते 50 वर्षों से अधिक समय में बसाई गई सभी सोसायटी और अन्य कॉलोनी व अपार्टमेंट में इस व्यवस्था को लागू करने की योजना बनाई गई है।

**लोगों ने की कई शिकायतें :** इसके अतिरिक्त कई रियल एस्टेट से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है अब तक कई डीडीए हाउसिंग सोसाइटियों में रखरखाव की जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

■ **एक अप्रैल से व्यवस्था को लागू करने की तैयारी में प्राधिकरण**

नरेला, द्वारका, वसंत कुंज में बीते दस से 15 वर्षों में बसाई गई सोसायटी और शुरू की गई आवासीय योजना के तहत आवंटित किए गए फ्लैटों के खरीदारों ने सफाई, सुरक्षा और मरम्मत के काम समय पर नहीं होने से जुड़ी शिकायतें करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

## डीडीए के 144 फ्लैटों पर फैसला इसी सप्ताह

नई दिल्ली। डीडीए जनता आवास योजना के तहत कुल 144 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का ड्रॉ इसी सप्ताह निकालेगा। इन फ्लैटों का आवंटन 13 मार्च से कंप्यूटर आधारित ड्रॉ के जरिए किया जाएगा। योजना के तहत द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास 82 और चांदन होला गांव में 62 ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गए हैं। डीडीए के अफसरों ने बताया कि दोनों स्थानों पर यह फ्लैट निजी बिल्डरों ने बनाए हैं। द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के पास बने फ्लैटों का साइज 29.246 से 30.688 वर्ग मीटर है। इन फ्लैटों की कीमत 12.63 से 13.24 लाख रुपये तक है।